संक्षिप्त

जागरूकता दिवस मनाया

करौला(निंसं.)राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण करौली द्वारा 15 जून को जिले में संचालित समस्त वृद्धाश्रमों में विश्व वरिष्ठ नागरिक दुव्र्यवहार जागरूकता दिवस मनाया गया। करौली मुख्यालय पर मंडरायल रोड स्थित विवेक वद्धर्नी शिक्षा एवं मनोविज्ञान सेवा संस्थान द्वारा संचालित वृद्धाश्रम पर पैनल अधिवक्ता इमामुद्दीन खान, अधिकार मित्र राधारमन सारस्वत व प्राधिकरण के कनिष्ठ सहायक चन्द्रदीप जैन द्वारा विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।इसी प्रकार टोडाभीम मुख्यालय पर भारती सेवा संस्थान द्वारा संचालित वृद्धाश्रम पर अधिकार मित्र देवीसिंह जाटव द्वारा एवं सपोटरा क्षेत्र मे मिझौरा ठाम मे राज फाऊंडेशन सेवा संस्थान द्वारा संचालित वृद्धाश्रम पर अधिकार मित्र रामराज बैरवा द्वारा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर विश्व वरिष्ठ नागरिक दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बताया गया कि यह दिवस बुजुर्गों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार और उपेक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित है। इसका उद्देश्य बुजुर्गों के साथ होने वाले दुव्र्यवहार और उपेक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। यह दिन बुजुर्गों के मानवाधिकारों और गरिमा की रक्षा करने के महत्व पर प्रकाश डालता है व बुजुर्गों के साथ दुव्र्यवहार के कारणों और प्रभावों के बारे में समझ विकसित करने का अवसर प्रदान करता है। यह दिन बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार को रोकने और उनका समर्थन करने के लिए नीतियों और कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए भी मनाया जाता है। वृद्धों के साथ यह दुव्र्यवहार शारीरिक, भावनात्मक, वित्तीय और यौन हो सकता है।बुजुर्गों के साथ दुव्र्यवहार उनके स्वास्थ्य, कल्याण और गरिमा को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बुजुर्गों के साथ दुव्र्यवहार के बारे में जागरूक करने व बुजुर्गों के साथ सम्मान और गरिमा से पेश आने हेतु सभी वृद्धाश्रमो मे यह दिवस मनाया गया।

सम्मान समारोह आयोजित

करौली(निंसं.)करौली के निकट ग्राम टोंके में आयोजित गुर्जर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में सुनीता बैंसला प्रधान निरीक्षक आयकर विभाग दिल्ली,भाजपा के वरिष्ठ नेता सतवीर चंदीला, अरुण बैसला,सिरमौर सरपंच रामपुर धावाई, के के सारस्वत, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा करौली,सूबेदार वीरेन्द्र सिंह, पूर्व प्रधान सियाराम गुर्जर,महाराज सिंह, बहादुर सिंह ताली, रामसिंह ठेकेदार उपस्थित रहे इस दौरान कक्षा 10, और 12 में उत्तीर्ण हुए छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया वही अतिथिओ का स्थानीय पंच पटेलों द्वारा साफा, फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया इस मौके पर सतबीर चंदीला,सुनीता बैंसला ने सभा में उपस्थित समाज के लोगो संबोधित किया और शिक्षा के महत्व के बारे में बताया।

प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

करौली । जिला मुख्यालय स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में सोमवार को इमर्जिंग टैलेंट अवॉर्ड 2025 का आयोजन किया गया। समारोह में करौली शहर सहित जिले भर से कक्षा 10वीं व 12वीं के 125 से अधिक विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूपीएससी में हाल ही में चयनित प्रशांत मीणा रहे। उनके कर कमलों से जिले भर की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

भरतपुर में समाजवादी नेता पंडित रामकिशन सहित किसान नेताओं का नागरिक अभिनंदन

भरतपुर (निस)। शतायू समाजवादी विचारक और भरतपुर के पूर्व सांसद तथा भरतपुर धौलपुर के पूर्व जिला प्रमुख पंडित रामकिशन और भरतपुर के किसान नेता इन्दल सिंह और मोहन सिंह गुर्जर का जिले के निकटवर्ती ठाम खिडौरा में नागरिक अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद गणमान्य नागरिकों ने साफा और मालाऐं पहनाकर स्वागत किया। पंडित रामकिशन के जीवन का यह सौ वाँ वर्ष चल रहा है

कार्यक्रम में पूर्व सांसद पंडित रामकिशन ने गत दिन रविवार को कहा कि धौलपुर से मेरा बहुत पुराना रिश्ता है श् मुझे जिला प्रमुख बनाने में उस समय धौलपुर के लोगों ने बड़ा योगदान रहा था। उन्होंने कहा कि पुराने समय में बसेडी क्षेत्र में सोसलिस्ट् पार्टी बहुत ज्यादा मजबूत थी। उन्होंन लोगों से संघर्ष का आ ान किया।

सम्मान समारोह में भरतपुर के पूर्व सांसद पंडित रामकिशन ने कहा कि आजादी मिलने के बाद देश भर में अधिकांशतय गरीब परिवारों के लोग सरपंच से लेकर लोकसभा तक के चुनावों में करीब तीन दशक तक जीत कर आते रहे थे लेकिन आज भ्रष्ट्राचार के कारण चुनाव इतने मंहगे हो गये है कि अधिकांश लोग तो अब चुनाब लड़ ही नहीं सकते।

पूर्व सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री भष्ट्राचारियों को भाजपा में शामिल करके भ्रष्ट्राचार को बढ़ावा दे रहे है। भ्रष्ट्राचार के मामले में गत वर्ष दुनिया के 180 देशो की गणना में भारत का स्थान 163 वे नम्बर पर था जो इस वर्ष बढ़ कर 166 वे स्थान पर पहुँच गया है यानी हमारा देश भ्रष्ट्राचार में लगातार प्रगती कर रहा है।

सभा में किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने कहा कि अन्य जिलों के मुकावले यहाँ विकास के हर मापदण्ड में लगातार पिछड़ता जा रहा है , यहाँ खेत को सिंचाई का पानी नहीं और नौजवान बेरोजगार घूम रहे है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और टीटीजेड को समाप्त करने की जरूर बताते हुऐ कहा कि एनसीआर से लाभ नहीं है उल्टे जनता को तरह तरह के टैक्सों का नुकसान भुगतना पड़ रहा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान लाखन सिंह खिडौरा ने कि लाखन सिंह खिडौरा ने पूर्व सांसद पंडित रामकिशन को ईमानदार और सिंदात की राजनीति का प्रतीक बताया उन्होंने सभी का आभार प्रकट किया

कार्यक्रम में भगवान सिंह शर्मा ओम प्रकाश चौधरी पौप सिंह पुरा रामगोपाल परमार तिमासिया राम किशोर खई लपुरा बजरंग सिंह कुशवाह सोगौरी सरपंच ध्रवेन्द्र सिंह खिडौरा देवेन्द्र सिंह ने भी अपने विचार प्रकट किये।

बयाना में निकली भव्य परशुराम शोभायात्रा

बयाना भरतपुर (निस)। ,भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर बयाना में एकता, श्रद्धा और सांस्कृतिक गौरव का अद्भुत संगम देखने को मिला। ब्राह्मण समाज समिति बयाना के तत्वावधान में एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसने पूरे नगर को भक्तिभाव और उत्साह से सराबोर कर दिया। शोभायात्रा का शुभारंभ शाम 5 बजे परशुराम धर्मशाला से हुआ, जहां समिति अध्यक्ष राजाराम उपाध्याय ने ध्वज फहराकर यात्रा को रवाना किया। यात्रा मार्ग में बजरिया, सुभाष चौक, सूपा मार्केट, गुरुद्वारा रोड, पुरानी सब्जी मंडी चौराहा, महादेव गली चौराहा, जवाहर चौक, गांधी चौक, पंचायत समिति, आदर्श नगर जैसे प्रमुख स्थानों को पार करते हुए पुनः धर्मशाला पर इसका समापन हुआ।

जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक का आयोजन

डीग भरतपुर (निस)। जिला कलक्टर उत्सव कौशल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक का आयोजन सोमवार को पंचायत समिति के वीसी कक्ष में किया गया।

बैठक में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं, मुख्यमंत्री जनसुनवाई प्रकरण, विकास कार्यों, वन्द गंगा जल स्वावलम्बन अभियान, एनएफएसए में नाम जोडने की प्रगति, योग दिवस, पंडित दीन दयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े, माइनिंग, सड़क सुरक्षा के बारे में चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला कलक्टर उत्सव कौशल ने कहा कि बैठक में दिए गए सभी निर्देशों की पालना सुनिश्चित कर सभी कार्यों को विहित समय में किया जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि सभी पोर्टल पर डाटा को नियमानुसार अद्यतन करें। सम्पर्क पोर्टल के सभी प्रकरणों को नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित किया जाए। उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान, जल शक्ति अभियान, हरियालो राजस्थान सहित सरकार की फ्लेगशिप योजनाओं की बिंदुवार चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारी को फ्लैगशिप योजनाओं पर विशेष रूप से फोकस करते हुए योजनाओं से सभी पात्रों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। साथ ही आमजन तक योजनाओं के पर्याप्त प्रचार प्रसार हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत कार्ययोजना के अनुसार कार्यक्रमों को जनभागीदारी के साथ आयोजित किया जाए और जनप्रतिनिधियों की भी अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए। जिले की रैंकिंग बेहतर बनाने के लिए भी प्रयास किए जाए। उन्होंने अठाणी जिला प्रबंधक को निर्देशित किया कि वे जल संचयन प्रणाली निर्माण, वृक्षारोपण, वाटर स्टेबलाइजेशन पौंड आदि जल संरक्षण के कार्यों को करने के लिए भामाशाहों को प्रेरित करें। जिला रसद अधिकारी को भी तेल कंपनी जैसे संस्थाओं को योजना के अंतर्गत कार्यों को करने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए। जिला कलक्टर ने कहा कि एनएफएसए में नाम जोड़ने का कार्य प्राथमिकता से लिया जाए और कोई भी पात्र वंचित न रहे। उन्होंने योग दिवस चर्चा करते हुए कहा कि अधिकाधिक लोगों को योग के लिए प्रेरित किया जाए।

भरतपुर में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

भरतपुर (निस)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एक्शन प्लान की अनुपालना में आयोजित वृद्ध जन दुर्व्यवहार दिवस पर सेठ हजारीलाल महंगाया सेवा संस्थान, आनंद धाम वृद्धाश्रम, वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या 04 नीरू सोनी द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान की। शिविर में असिस्टेंट लीगल डिफेंस काउंसिल मृगराज मनहर द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। विधिक जागरूकता शिविर में दीपिका फौजदार एवं ईशपाल सिंह, प्रशिक्षु न्याय अधिकारी उपस्थित रहे

- **शिविर में असिस्टेंट लीगल डिफेंस काउंसिल मृगराज मनहर द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को**

वह कहा कि वृद्धजन ही हमारे घर परिवार व समाज की पहचान है व उनके बताये मार्ग पर हमें चलना चाहिये व आश्रम की बेहतर व्यवस्था मिली, जिस सेवाभाव से यह आश्रम संचालित किया जा रहा है वह अद्वितीय है व वृद्धाश्रम में असहाय, कमजोर व आश्रयहीन वृद्धों को निशुल्क रहने, खाने, कपडा व चिकित्सा व्यवस्था है व सभी अतिथियों का रविन्द्र कुमार गोयल, नवनीत गोयल ने दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

अग्रावाल शिक्षा समिति की प्रबंध कार्यकारिणी निर्विरोध बनी

भरतपुर (निस)। अठावाल शिक्षा समिति रणजीत नगर भरतपुर तीन वर्षीय प्रबन्ध कमेटी का चुनाव निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र शर्मा की देखरेख में हुआ, निर्वाचन प्रक्रिया के तहत अध्यक्ष, महामंत्री, उपाध्यक्ष, संयुक्त मंत्री, सहमंत्री, कोषाध्यक्ष एवं अंकेक्षक पद के चुनाव हुए। साथ प्रबन्ध कमेटी के सदस्य भी चुने गए।

निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र शर्मा के अनुसार अध्यक्ष पद पर उद्योगपति कृष्ण कुमार अठावाल,महामंत्री उद्योगपति राकेष बंसल,उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार बन्टी एवं विनय गर्ग सीए,संयुक्त मंत्री खादी वाले दाऊदयाल सिंघल,सहमंत्री गौरीशंकर गर्ग,कोषाध्यक्ष उद्योगपति राधेश्याम गोयल तथा अंकेक्षक के.के.अठावाल निर्विरोध निर्वाचित चुने गए और प्रबन्ध कमेटी में उद्योगपति

- **के.के. अठावाल अध्यक्ष, राकेश बंसल महामंत्री, दाऊदयाल सिंघल संयुक्त मंत्री निर्वाचित**

राहुल बंसल,दीनदयाल सिंघल,जविविनि के रिटायर्ड अधीक्षण अभियन्ता हेमराज गोयल, ठेकेदार गिरीश सिंघल, आशीष अग्रवाल, प्रदीप बंसल, नरेन्द्र मोहन सिंघल, स्वराज मित्तल, लूनाराज आदि सदस्य चुने गए। नवनिर्वाचित कमेटी के पदाधिकारी और सदस्यों को उद्योगपति यश अठावाल,गौरव बंसल,उद्योगपति नृपेश गुप्ता चौयरमेन, विष्णु मित्तल आदि ने बधाईयां दी।

सीए स्टूडेंट नेशनल टैलेंट सर्च 2025 का सफल आयोजन

भरतपुर (निस)। भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान की भरतपुर शाखा में दो दिवसीय सीए स्टूडेंट नेशनल टैलेंट सर्च 2025 का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और क्विज, वाद-विवाद एवं वाद-विवेचन प्रतियोगिताओं में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। क्विज प्रतियोगिता में निखिल सिंघल एवं कुशाठा गर्ग, वाद-विवाद प्रतियोगिता में दक्ष मित्तल एवं ऋतिक अरोड़ा तथा वाद-विवेचन में श्रेया अठावाल विजेता रहे। सभी विजेता अब क्षेत्रीय स्तर पर भरतपुर ब्रांच का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिताओं का संचालन एवं मूल्यांकन सीए एन.एम. सिंघल, सीए पराग गुप्ता, सीए तुषार गर्ग, सीए शोभित गोयल, सीए अंकुर जैन व सीए कुनिका अठावाल के मार्गदर्शन में हुआ। सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र और विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान भरतपुर ब्रांच की प्रबंध समिति के सभी सदस्य द्व सीए अंकुर खंडेलवाल (चेयरमैन), सीए मुनीश गुप्ता (कोषाध्यक्ष), सीए संकल्प पितलिया (उपाध्यक्ष), सीए शोभित गोयल (सचिव), सीए तुषार गर्ग (सिकासा चेयरमैन) एवं सीए पराग गुप्ता (कार्यकारिणी सदस्य) की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों और आयोजकों के उत्साहवर्धन के साथ हुआ।

- **कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों और आयोजकों के उत्साहवर्धन के साथ हुआ।**

कार्यकारिणी घोषित

भरतपुर (निस)। सारस्वत सेवा समिति भरतपुर के चुनाव राकेश कुमार सारस्वत (सेवानिवृत सहायक अभियन्ता) की अध्यक्षता एवं राजेन्द्र सारस्वत (पूर्व पार्षद) की देखरेख में सम्पन्न हुए। सर्व सम्मति से हरिओम सारस्वत को अध्यक्ष, नरसिंह सारस्वत को उपाध्यक्ष, डा0 गिरीश कुमार सारस्वत को मंत्री, गिरीश कुमार 'अचरू' को कोषाध्यक्ष तथा मनेन्द्र सारस्वत को प्रवक्ता नियुक्त किया गया।

प्रबन्ध कार्यकारिणी के 21 पद के चुनाव सम्पन्न

हलैना भरतपुर (निस)। पूर्वी राजस्थान की महिला शिक्षा जगत में सबसे बडी शिक्षण संस्थान चलाने वाली श्री आर्य विद्यापीठ सोसायटी की प्रबन्ध कार्यकारिणी के 21 पद का चुनाव सम्पन्न हो गया, जिन पदो के लिए 25 उम्मीदवारों ने चुनाव लडा और कुल 177 मतदाताओं में से 115 मतदाताओं ने मत का उपयोग किया। चुनाव परिणाम में 21 सदस्य निर्वाचित हुए और चार जनों को हार का सामना करना पडा। अब प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष,मंत्री,कोषाध्याक्ष,उप मंत्री आदि पदो के चुनाव होंगे,जिन पदों को लेकर गुटबाजी झलक आई और नवनिर्वाचित सदस्य दो गुटों में बंट गए,पहला गुट भरतपुर तथा दूसरा गुट भुसावर बन गया है। अब देखना ये है कि गेंद किस पाले में जाऐगी। प्रबन्ध समिति सदस्य पदों का चुनाव परिणाम घोषित कर दिया गया,जिसमें उद्योग घराने की कई हस्तियां विजयी रही,वही शिक्षा विभाग के रिटायर्ड उप निदेशक ओमप्रकाश गुप्ता को हार का सामना करना पडा। निर्वाचन अधिकारी राजेश मित्तल के अनुसार श्री आर्य विद्यापीठ सोसायटी प्रबन्ध समिति के 21 सदस्य पदों पर उद्योगपति रामकुमार गुप्ता, सुशान्त सिंघल,अजय कुमार अठावाल,अनिल गोयल एडवोकेट, अशोक मित्तल,नगर पालिका भुसावर के पूर्व चौयरमेन चन्द्रप्रकाश अवस्थी,मनोज मित्तल एईएन,दीनदयाल सिंघल, नवीन चन्द्र खन्ना ,नवीन कुमार मित्तल , पंकज बंसल , प्रदीप कुमार मित्तल , मनोज अठावाल ,मयंक सिंघल , योगेन्द्र कुमार मित्तल , रमेश चन्द्र गुप्ता , रामकुमार गुप्ता , डॉ लोकेश जिन्दल , विनय कुमार अठावाल , सत्येन्द्र कुमार गुप्ता , सुशान्त सिंघल , सुधीर गुप्ता , सुभाष चन्द्र गुप्ता विजयी रहे। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अब प्रबन्ध कमेटी के अध्यक्ष,उपाध्यक्ष,मंत्री,उप मंत्री,कोषाध्यक्ष आदि पदो के चुनाव होंगे,जिस चुनाव की तिथि जल्द ही घोषित की जाऐगी। सोसायटी की प्रबन्ध कमेटी के नव निर्वाचित सदस्यों को हरि ऑयल समूह के संस्थापक सेठ स्व.हरिचरणलाल अठावाल के पौत्र उद्योगपति यश अठावाल, उद्योगपति ओमप्रकाश गुप्ता अचार वाले,सेठ स्व.रघुनाथ प्रसाद मित्तल के पुत्र हरीश चन्द मित्तल,विष्णु मित्तल पत्रकार, राजेश पचौरी, मैनापुरा के पूर्व सरपंच सतीश पांडेय, रमाकान्त लाटा,नगर पालिका भुसावर की पूर्व चौयरमेन पुष्पा अवस्थी आदि ने बधाईयां दी।

ट्रांसफार्मर जलने से पांच गांवों की बिजली काटी

भुसावर भरतपुर (निस)। दीवली ठाम पंचायत स्थित गांव नगला नाथू मे जयपुर विद्युत वितरण निगम के 33/11 सब स्टेशन पर लगा 3.15 केवीए का ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण दीवली पंचायत सहित पांच गाँवो की बिजली आपूर्ति व्यवस्था ध्वस्त हो गई। इस कारण जहां भीषण गर्मी मे परेशानी के साथ पेयजल की समस्या हो रही है।

गांव नगला नाथू निवासी व पूर्व डेयरी चेयरमैन फतेह सिंह फेंटा, रणधीर फौजदार, रामअवतार सिंह व राजेंद्र सिंह फेंटा ने बताया कि बीती रात अचानक तेज आवाज के साथ नगला नाथू सब स्टेशन पर लगे 3.15 केवीए ट्रांसफार्मर मे आग लग गई, जिससे उसी समय बिजली व्यवस्था ठप हो गई। बिजली व्यवस्था ठप होने से गांव नगला नाथू सहित ठाम पंचायत मुख्यालय

- **गांव नगला नाथू निवासी व पूर्व डेयरी चेयरमैन फतेह सिंह फेंटा, रणधीर फौजदार, रामअवतार सिंह व राजेंद्र सिंह फेंटा ने बताया कि बीती रात अचानक ट्रॉसफार्मर जल गया**

दीवली, भगवानपुर, बौराज व गांव फ़ौजीपूरा मे जहां भीषण गर्मी से उपभोक्ताओं का बेहाल है वही पांचो गाँवो मे बिजली बाधित होने पर पेयजल समस्या गहरा गई है। इसकी सूचना ठामीणों ने निगम के कर्मचारी अधिकारियो को दे दी है।

सार-समाचार

वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली

करौला(निंसं.) राजस्थान सरकार के निर्देशन में आयोजित हो रहे वन्दे गंगा जल सरंक्षण जन अभियान के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रमों के अंतर्गत जिला कलेक्टर करौली की अध्यक्षता एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में शिक्षा विभाग द्वारा प्रभात फेरी के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। प्रभात फेरी का प्रारंभ सर्किट हाउस करौली से एडिशनल एसपी गुमना राम एवं उपजिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा मानसिंह मीणा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। उक्त प्रभात फेरी में राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड के छात्र छात्राओं की टोली,राजकीय एवं निजी विद्यालयों के अनेक विद्यार्थी शामिल हुए। इस अवसर पर आरपी हरकेश मीणा,सीईओ राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड अनिल कुमार गुप्ता,महात्मा गांधी स्कूल करौली के प्रधानाचार्य मिथलेश शर्मा के साथ अन्य विभागों के अधिकारीयों एवं कर्मचारियों तथा आम जन द्वारा हाथों में जागरूकता संदेश की तख्तियां एवं जल संरक्षण के नारों की उद्घोषणा के साथ पैदल मार्च किया एवं आम जन मानस को जल संरक्षण जागरूकता संदेश देते हुए जिला कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचे जहां स्काउट सीईओ अनिल कुमार गुप्ता एवं व्याख्याता अमित कुमार शर्मा द्वारा जल संरक्षण के संदर्भ में उद्बोधन दिया साथ ही वंदे गंगा कार्यक्रम अंतर्गत प्लास्टिक उपयोग निषेध एवं अधिक अधिक पौधे लगाने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर मांटेसरी स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर जल संरक्षण का संदेश दिया ।कार्यक्रम की अगली कड़ी में जिला सूचना सभागार परिसर में विद्यार्थियों के लिए निबंध प्रतियोगिता,भाषण प्रतियोगिता,पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता,मॉडल प्रतियोगिता,कविता प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में लगभग 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनुष्का गौड़,द्वितीय स्थान पूजा शर्मा ,तृतीय स्थान अल्फीजा रंगरेज पेंटिंग प्रतियोगिता में मानसी जांगिड़ ने प्रथम,श्रेया व्यास ने द्वितीय स्थान,सानिध्या शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनुष्का मीणा , द्वितीय स्थान तनिष्का अठावाल,तृतीय स्थान छात्रा पूजा शर्मा ने प्राप्त किया,मॉडल निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुहाना जादौन , द्वितीय स्थान अनुष्का तृतीय स्थान प्रतीक जादौन प्राप्त किया कविता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सानिध्या शर्मा ,द्वितीय स्थान सिद्धि जादौन तृतीय स्थान सैयद उम्मेद सुलेम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया स इस अवसर पर स्काउट सचिव मुकेश सारस्वत ,निजी विद्यालय संचालक बालकृष्ण गोयल,मुन्ना लाल मीणा ,व्याख्याता कमलेश शर्मा, निर्मल शर्मा, शशिकांत शर्मा ,देवेंद्र ओझा ,शिवानी गोयल,अनीता शर्मा, पूजा शर्मा ,वैष्णवी महावार,दीनदयाल सिंह,सानिध्य शर्मा उपस्थित रहे।

राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान

भरतपुर (निस)। जयपुर में खण्डेलवाल वैश्य एज्युकेशनल ट्रस्ट की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में भरतपुर निवासी आयुष खण्डेलवाल का सम्मान किया गया। उन्हें यह सम्मान राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं कला वर्ग में 96.60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर मिला। आयुष ने अपने वर्ग में खण्डेलवाल समाज में प्रदेश स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया है। पूर्व डीआईजी राजकुमार गुप्ता, वरिष्ठ न्यूरो फिजिशियन सुरेश गुप्ता व प्रमुख समाजसेवी आत्माराम गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में जयपुर के वैशाली नगर स्थित केवीजीआईटी स्थित आरबी डंगायच ऑडिटोरियम में हुए राज्य स्तरीय प्रतिभा समारोह में सम्मान स्वरूप आयुष को 11 हजार रुपए का चेक, शील्ड व प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयुष खण्डेलवाल भरतपुर निवासी वरिष्ठ पत्रकार राजेश खण्डेलवाल और समाजसेवी शिक्षिका सोनू खण्डेलवाल का छोटा पुत्र है। इससे पहले जयपुर में ही आयुष को अखिल भारतीय खण्डेलवाल विचार मंच की ओर से एक हजार रुपए, शील्ड, प्रमाण पत्र के साथ विभिन्न उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया था।

ओमप्रकाश सिंघल के जिलाध्यक्ष बनने पर स्वागत

भरतपुर (निस)। विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने सॉफ्ट हॉकी फेडरेसन के जिलाध्यक्ष बनने पर ओमप्रकाश सिंघल एवं सचिव बनने पर सौरभ शर्मा का माला, दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। होम्योपैथी चिकित्सक वेलफेयर के अध्यक्ष डॉ. रविन्द्र कुंतल, शकुन्तला हॉस्पीटल हलैना के डॉ. योगेश आचार्य, आर्य समाज से सत्यवीर सिंह, क्रीडा भारती से योग प्रमुख बलवीर एवं वेद प्रकाश कुंतल इत्यादि ने फेंटा, दुपट्टा एवंम माला पहनाकर मंत्रोच्चार के साथ ओमप्रकाश सिंघल और सौरभ शर्मा का अभिनन्दन किया एवं भरतपुर में हॉकी के खिलाडियों के बीच एक नई ऊर्जा का संचार करने का आव्हान किया। ओमप्रकाश सिंघल ने कहा कि आज की पीढी को पढाई के साथ-साथ खेलकूदों में भी भाग लेना जरूरी है, जाकर सभी स्कूलों में से खिलाडियों को जोडा जायेगा। सचिव सौरभ ने सभी का आभार व्यक्त किया।

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम

भरतपुर (निस)। घर की छत पर बागवानी करना एक ऐसी विधा है जिससे खाली छत का सार्थक उपयोग होता है, परिवार के लिए रसायनमुक्त फल व सब्जी मिलती है, घर का सौंदर्य बढत्ता है तथा पर्यावरण के अनुकूल है। कृषि महाविद्यालय कुम्हेर के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि घर की छत पर बागवानी को रुफ टोप गार्डनिंग अथवा टेरेस गार्डनिंग भी कहते हैं। हमारे देश में यह कम प्रचलित है, लेकिन जनसंख्या के बढ़ते दबाव और पर्यावरणीय आवश्यकताओं को देखते हुए टेरेस गार्डनिंग के प्रति लोगो को जागरुक करना आवश्यक है। जो व्यक्ति नई इमारत बनाने की योजना बना रहें हैं,। डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि हाल में उद्यानिकी महाविद्यालय दुर्गापूरा जयपुर द्वारा टेरेस गार्डनिंग का एक मॉडल तैयार किया गया है। इस गार्डनिंग में फल, सब्जी, अलंकृत व औषधीय पौधों को सीधे छत्त अथवा गमलों में उगाया जा सकता है।

कार्यालय पंचायत समिति सपोटरा जिला करौली

क्रमांक-पसस/स्व.भा.मि./ई-निविदा/2025-26/973-76 दिनांक: 10.06.2025

ई-निविदा सूचना संख्या SBM 01/2025-2026

पंचायत समिति सपोटरा के अधीनस्थ समस्त ग्राम पंचायतो में दिनांक 31.03.2026 तक वित्तीय वर्ष 2025-26 में घर एक व्यावसायकि प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण https://eprc.rajasthan.gov.in एवं https://.sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय पर देखी जा सकती है।

विकास अधिकारी
पंचायत समिति सपोटरा

जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव मौजूदगी में अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां

भरतपुर (निस) अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को जिलेभर में मनाया जाएगा। जिला मुख्यालय से लेकर पंचायत स्तर तक सामूहिक योगाभ्यास होगा। एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य थीम पर 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम 21 जून को सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा। आमजन इसमें भाग ले सकेंगे। अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की सोमवार को आयोजित बैठक में जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने वर्चुअल माध्यम से जुडकर सभी उपखण्ड अधिकारियों को निर्देशित किया कि पंचायत, उपखण्ड एवं जिला स्तर पर हमारी संस्कृति, धरोहर, धार्मिक एवं पर्यटन क्षेत्र की दृष्टि से चिन्हित कर भव्य कार्यक्रम आयोजित करने की रूपरेखा तैयार करें। अपने क्षेत्र में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों से समन्वय स्थापित कर अधिकाधिक लोगों की योग दिवस पर सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने योग स्थलों पर मंच, पेयजल, बैठक, साउण्ड, चलित सुलभ शौचालय, सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए सभी उपखण्ड अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि महिला एवं बाल विकास विभाग को सामूहिक योगाभ्यास में अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित की जावे। उन्होंने आयोग द्वारा निर्धारित योग संगम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन में प्रगति लाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने योग दिवस से पूर्व एवं योग दिवस को आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों का प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रोनिक एवं सोशल मीडिया माध्यम से प्रचार-प्रसार कर जागरूक किया जाये। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि आयोजित सामूहिक योगाभ्यास के लिए प्रशिक्षक नियुक्त किए जाए। प्रशिक्षकों का अनुसरण करवाते हुए योग क्रियाएं संपन्न कराई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि चिकित्सा विभाग द्वारा जिले के चिकित्सा संस्थानों में योगाभ्यास के सभी समुचित प्रबंध किए जावे। उन्होंने निर्देश दिए कि शिक्षा विभाग के अधिकारी योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में अधिकाधिक छात्र-छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि योग स्थल पर सुरक्षा व पार्किंग व्यवस्था के माकूल प्रबंध रहें। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार ही योग दिवस के कार्यक्रम सम्पन्न करवाए जाए। इसमें समय का विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान जिला कलक्टर ने आयुर्वेद विभाग द्वारा जारी योग अभ्यासक्रम पोस्टर का विमोच